**जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत चल रहे कार्यो के सम्बन्ध में ली गयी समीक्षा बैठक दिनांक 21.03.2023 का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जनपद में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा दिनांक 21.03.2023को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे की गयी, जिसमे जल निगम (ग्रामीण) कार्यदायी संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फा, मेसर्स जी.ए.विश्वनाथ तथा मेसर्स के.एल.एस.आर /डीपीएमयू/टीपीआई/आईएसए के निम्न अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री एम0ए0 किदवाई, आधिशासी अभियन्ता,जल निगम (ग्रामीण),मऊ।
2. श्री नन्दलाल सिंह (से0नि0 उपजिलाधिकारी), जिला समन्वयक, डीपीएमयू, मऊ।
3. श्री नवजोत सिहं प्रतिनिधि मेसर्स एल.सी.इन्फा मऊ।
4. श्री आदित्य त्रिपाठी प्रतिनिधि मे0 जी.ए. विश्वनाथ।
5. श्री मनोज सिंह प्रतिनिधि के.एल.एस.आर।
6. श्री यशवीर सिंह, डी0पी0एम0,टीपीआई संस्था।
7. श्री प्रदीप कुमार केशरी, डीपीएमयू।
8. श्रीमती शिखा तिवारी, प्रतिनिधि समाज कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान (आईएसए)।
9. श्री बृजेश गिरि, प्रतिनिधि अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति (आईएसए)।
10. श्री अरिहन्त कुमार विश्वकर्मा, प्रतिनिधि सोशल रिसर्च इन्स्टीट्यूट।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्णय/निर्देश लिये गये।

1– जल जीवन मिशन के अर्न्तगत परियोजनओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 1268 राजस्व ग्रामों की डीपीआर तैयार की जानी थी, सभी डीपीआर पूर्ण कर ली गई है। कार्यदायी संस्था मेसर्स एल. सी.इन्फा द्वारा श्रमिकों की संख्या बढ़ायी नही जा रही है, जिसके कारण कार्यो की प्रगति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बैठक में संस्था के उपस्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक 29.03.2023 तक 1000 श्रमिकों को कार्य स्थल पर लगा दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उपरोक्तानुसार परीक्षण कर लें, यदि श्रमिकों की व्यवस्था नहीं की जाती है तो फर्म के विरूद्ध राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

2– जनपद मे कार्यदायी संस्था के रूप मे नामित संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फा, मेसर्स जी.ए. विश्वनाथ तथा मेसर्स के.एल.एस.आर के कार्य, संसाधन एवं श्रमिकों की व्यवस्था समीक्षा की गयी। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पिछले तीन माह के दौरान लगाये गये संयन्त्रों/श्रमिकों के चार्ट बनाकर प्रस्तुत किया जायं, जिससे फर्मों द्वारा लगाये गये संयन्त्रो/श्रमिकों की संख्या तथा प्रगति का विवरण स्पष्ट हो सके।

Scanned with OKEN Scanner

3– समीक्षा के दौरान टीपीआई द्वारा अपनी निरीक्षण आख्या प्रस्तुत की गयी। महोदय द्वारा टीपीआई को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक योजना पर चल रहे कार्यों के सतत् निरीक्षण की प्रकिया को कायम रखा जाय। अगले कार्य दिवस मे निरीक्षण रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। योजनावार फोटोग्राफ्स एवं उसके साथ निर्देशों का अंकन करते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

4– अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मऊ में कुल चार इम्प्लीमेन्ट सपोर्ट एजेन्सियॉ सूचीबद्ध है। समाज कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान को तीन क्लस्टर, अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति को दो क्लस्टर, विकास सेवा संस्थान को एक क्लस्टर, जन कल्याण समिति को एक क्लस्टर तथा सोशल रिसर्च इन्स्टीट्यूट को एक क्लस्टर आवंटित किये गये है। इस प्रकार कुल 8 क्लस्टर का आवंटन हो चुका है। जो ग्राम पंचायतें आवंटन हेतु अवशेष है, उन ग्राम पंचायतों की सूची को अद्यावधिक करते हुये कार्ययोजना बनाकर आवंटन कराने की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये गये।

5– जन जागरूकता एवं स्वच्छता सम्बन्धित गतिविधियों को सम्पादित किये जाने के विषय में जनपद में कार्यरत आईएसए संस्थाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। जिला समन्वयक डीपीएमयू द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल चार संस्थायें सूचीबद्ध है। समाज कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा प्रथम क्लस्टर में सामुदायिक अंशदान को छोड़कर समस्त गतिविधियॉ पूर्ण कर ली गयी है। द्वितीय क्लस्टर मे भी सामुदायिक अंशदान को छोड़कर शेष गतिविधियॉ लगभग 97 प्रतिशत पूर्ण कर ली गयी हैं, निर्धारित अवधि 12 जून 2023 तक पूर्ण किया जाना आवश्यक है। तृतीय क्लस्टर का आवंटन 14.02.2023 को किया गया है, जिसका प्रथम फेज 3 माह 14.05.2023 तक पूर्ण किया जाना है, जिसमें 35 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण किया गया है। अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति द्वारा प्रथम क्लस्टर के प्रथम फेज में सामुदायिक अंशदान तथा बेस लाईन डाटा का कार्य पूर्ण नही किया गया है। प्रस्तुत किये गये बिल भुगतान में से दोनों मद के लिये निर्धारित धनराशि की कटौती की गयी है। तृतीय फेज का कार्य मात्र 65 प्रतिशत है। द्वितीय क्लस्टर के प्रथम फेज में सामुदायिक अंशदान को छोडकर शेष कार्य पूर्ण है तथा द्वितीय फेज की प्रगति 72 प्रतिशत है, जिसे 12 जून 2023 तक पूर्ण किया जाना है। प्रथम क्लस्टर के तृतीय फेज में काफी विलम्ब हुआ है। प्रगति मे सुधार न आने तथा गतिविधियों को समय से पूर्ण न किये जाने पर पेनाल्टी की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जन कल्याण समिति को प्रथम क्लस्टर दिनांक 14.2.2022 को आवंटित किया गया था। इस संस्था द्वारा प्रथम फेज में सामुदायिक अंशदान को छोडकर सब कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया गया है तथा द्वितीय फेज का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है। सोशल रिसर्च इन्स्टीट्यूट को प्रथम क्लस्टर 08.02.2023 को आवंटित किया गया जिसमें 33.40 प्रतिशत का कार्य पूर्ण किया गया है। सभी संस्थाओं को निर्धारित अवधि मे गुणवत्ता पूर्वक निर्धारित गतिविधियों को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। डीपीएमयू के कोआर्डिनेटर आईएसए को नियमित निरीक्षण/सत्यापन करने तथा आख्या प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। निम्न तालिका मे प्रगति का विवरण निम्न है–

Scanned with OKEN Scanner

| क्र0 सं0 | आईएसए संस्था का नाम | क्लस्टर एवं फेज |  | निर्धारित अवधि |  | वर्तमान प्रगति 20.03.2023 |  |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समाज कल्याण ग्रोद्योग संस्थान 24.07.21 से 23.07.2022 प्रथम क्लस्टर– 40 GP | क्लस्टर I – फेज I | 40 GP | 24.07.21 से 23.10.21 | 3 माह | 96.00 प्रतिशत |  |
|  |  | क्लस्टर I – फेज II | 40 GP | 24.10.21 से 23.04.22 | 6 माह | 100.00 प्रतिशत |  |
|  |  | क्लस्टर I – फेज III | 40 GP | 24.04.22 से 23.07.22 | 3 माह | 100.00 प्रतिशत |  |
|  | 13.09.22 से 12.09.2023 द्वितीय क्लस्टर 40 GP | क्लस्टर II – फेज I | 21 GP | प्रथम फेज का कार्य नही करना है। | 3 माह | – |  |
|  |  | क्लस्टर II – फेज I | 19 GP | 13.09.22 से 12.12.22 | 3 माह | 96.00 प्रतिशत |  |
|  |  | क्लस्टर II – फेज II | 21 GP | 13.09.22 से 12.03.23 | 6 माह | 100.00 प्रतिशत | 97.00 प्रतिशत |
|  |  | क्लस्टर II – फेज II | 19 GP | 13.12.22 से 12.06.23 | 6 माह | 94.00 प्रतिशत |  |
|  | तृतीय क्लस्टर – 40 GP | क्लस्टर III – फेज I | 40 GP | 15.02.23 से 14.05.23 | 3 माह | 35.00 प्रतिशत |  |
| 2 | अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति 05.08.21 से 04.08.2022 प्रथम क्लस्टर– 40 GP | क्लस्टर I – फेज I | 40 GP | 05.08.21 से 04.11.21 | 3 माह | 91.00 प्रतिशत |  |
|  |  | क्लस्टर I – फेज II | 40 GP | 05.11.21 से 04.05.22 | 6 माह | 100.00 प्रतिशत |  |
|  |  | क्लस्टर I – फेज III | 40 GP | 05.05.22 से 04.08.22 | 3 माह | 65.00 प्रतिशत |  |
|  | 13.09.22 से 12.09.2023 द्वितीय क्लस्टर– 35 GP | क्लस्टर II – फेज I | 12 GP | प्रथम फेज का कार्य नही करना है। | 3 माह | – |  |
|  |  | क्लस्टर II – फेज I | 23 GP | 13.09.22 से 12.12.22 | 3 माह | 95.00 प्रतिशत |  |
|  |  | क्लस्टर II – फेज II | 12 GP | 13.09.22 से 12.03.23 | 6 माह | 100.00 प्रतिशत | 72.00 प्रतिशत |
|  |  | क्लस्टर II – फेज II | 23 GP | 13.12.22 से 12.06.23 | 6 माह | 59.00 प्रतिशत |  |
| 3 | जन कल्याण समिति प्रथम क्लस्टर– 40 GP | क्लस्टर I – फेज I | 40 GP | 14.12.22 से 13.03.23 | 3 माह | 96.00 प्रतिशत |  |
| 4 | सोशल रिसर्च इन्स्टीट्यूट प्रथम क्लस्टर– 40 GP | क्लस्टर I – फेज I | 40 GP | 8.02.23 से 07.05.23 | 3 माह | 33.40 प्रतिशत |  |

उक्त पर अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

29/03/23
(प्रशांत नागर)
आई.ए.एस
मुख्य विकास अधिकारी
मऊ

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी,मऊ।

पत्रांक 362 / म-7 / 42 दिनांक 29/3/2023

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), लखनऊ।

2– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।

3– अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को अनुपालन हेतु प्रेषित।

4– जिला समन्वयक डीपीएमयू मऊ को अनुपालन हेतु प्रेषित।

5– मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा, मेसर्स जी.ए. विश्वनाथ तथा मेसर्स के.एल.एस.आर को दिये गये निर्देशों पर कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।

6– संबंधित आईएसए संस्थाओं को अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।

29/03/23
मुख्य विकास अधिकारी
मऊ

Scanned with OKEN Scanner